आकाशवाणी श्री विजयपुरम

22.01.2025 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान ने लड़के–लड़कियों के भेदभाव को दूर करने में मदद की।
- राज्यसभा की याचिका समिति दो दिन के अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के अध्ययन दौरे पर आज श्री विजयपुरम पहुंची।
- नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की एक सौ अट्‌ठाईसवीं जयंती कल मनाई जाएगी– श्री विजयपुरम में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत कार्ड के लिए विशेष शिविर का आयोजन ।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर कहा है कि इस अभियान मे समाज के सभी वर्गों की भागीदारी रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान ने लड़के–लड़कियों के भेदभाव को दूर करने में मदद की तथा लड़कियों की शिक्षा और सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने लोगों से बेटियों के अधिकारों को संरक्षण देने और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की ताकि बेटियां बिना किसी भेदभाव के प्रगति कर सकें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाईस जनवरी दो हजार पन्द्रह को हरियाणा के पानीपत में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या रोकना, लड़कियों की शिक्षा सुनिश्चित करना और समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना था। पिछले दस वर्षों में इस योजना से लड़के–लड़कियों के अनुपात में सुधार हुआ है, बालिकाओं के स्कूल में नामांकन में वृद्धि हुई है और भ्रूण हत्या तथा भेदभाव के खिलाफ समाज में जागरूकता बढ़ी है। साथ ही, छात्रवृत्ति और अन्य सुविधाओं के माध्यम से लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के तहत डिगलीपुर में आईसीडीएस परियोजना–ग्रामीण ने संबंधित विभागों के समन्वय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान आयोजित किया गया। आई सी डी एस के तहत शपथ ग्रहण और जागरूकता कार्यक्रम के साथ–साथ हस्ताक्षर अभियान का भी आयोजन हुआ। डिगलीपुर की बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदिरा देवी ने लड़कियों को संबोधित करते हुए कहा कि लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए एक समतापूर्ण समाज का निर्माण किया जाए, जहाँ हर लड़की आगे बढ़ सके, अपने सपनों को साकार कर सके और राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दे सके। कार्यक्रम में उत्तरी अंडमान के मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त कमलेश्वर राव एस, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएच सिद्धराजू, और अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में लड़कियों के नामांकन दर में वृद्धि, यह सुनिश्चित करती है कि शिक्षा अब भारत में हर लड़की के लिए एक विशेषाधिकार नहीं, बल्कि एक मौलिक अधिकार है। लड़कियों का सशक्तिकरण, न केवल शिक्षा के माध्यम से बल्कि उन्हें अपने समुदायों और समाज में नेतृत्व करने और निर्णय लेने के लिए मंच प्रदान करके भी किया गया। कैम्पबेल बे में भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर रैली निकाली गई। इसमें नब्बे से अधिक लोग शामिल हुए।

<><><><><><><>

राज्यसभा की याचिका समिति दो दिन के अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के अध्ययन दौरे पर आज श्री विजयपुरम पहुंच गई है। समिति के सदस्यों ने आज फ्लैग प्वाइंट, राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल समेत अन्य स्थलों का दौरा किया। समिति के सदस्य कल सुबह जी बी पंत अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों का दौरा करेंगे और साथ ही स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ भी समिति के सदस्यों की मुलाकात होगी। इन दोनों मुलाकातों में से कैंसर की सस्ती चिकित्सा के बारे में मंथन किया जाएगा।

<><><><><><>

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की एक सौ अट्ठाईसवीं जयंती कल देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्री विजयपुरम में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी सुबह आठ बजे मरीना पार्क स्थित नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इस सिलसिले में श्री विजयपुरम में 'जय हिंद पदयात्रा' का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे इस पदयात्रा में शामिल होंगी। नेताजी के अदम्य साहस के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के पन्द्रह सौ से अधिक स्वयंसेवक शामिल होंगे। यह पदयात्रा अनुपम सौन्दर्य से भरपूर लगभग पांच किलोमीटर का मार्ग तय करेगी। पदयात्रा फ्लैग पॉइंट से शुरू होकर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का प्रतीक नेताजी स्टेडियम पर समाप्त होगी। नेताजी के योगदान का सम्मान करने और स्वतंत्र व प्रगतिशील भारत के उनके दृष्टिकोण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 'सुभाष चंद्र बोस और स्वतंत्रता आंदोलन' विषय पर प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी। इसमें चित्रकला, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिताएं शामिल होंगी जो स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नेताजी के बलिदान और रणनीतियों को समझने के लिए युवाओं को प्रेरित करेंगी। नेताजी के जीवन और स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी उपलब्धियों को समर्पित एक फोटो गैलरी लगाई जाएगी और स्थानीय हस्तशिल्प तथा द्वीपसमूह की कलात्मकता को बढ़ावा देने वाले स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इस अवसर पर विशिष्ट युवा नेताओं और सफलता हासिल करने वालों को राष्ट्र निर्माण और सामाजिक विकास में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह पदयात्रा, संविधान के पचहत्तर वर्ष पूरे होने और भारत की जीवंत सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने के लिए आयोजित चौबीस कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत पांचवां आयोजन है। इसमें भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों से सुबह साढ़े सात बजे तक फ्लैग प्वाइंट पर उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

<><><><><><>

डीब्रेट में शारीरिक प्रशिक्षण प्रशिक्षक के कम्प्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा की संशोधित आंसर–की प्रशासन की भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के टील हाउस जंक्शन से चाथम पुलिस थाना तक सड़क के आधे हिस्से पर रात आठ बजे से सुबह छः बजे तक मरम्मत का कार्य जारी रहेगा। सड़कों पर आज से लेकर तीस जनवरी तक वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी और शेष आधे भाग पर वाहनों की आवाजाही की अनुमति रहेगी।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन की ओर से साई जलक्रीड़ा परिसर, सिप्पीघाट में द्वीपसमूह की रोइंग टीम के चयन के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। सत्ताईस जनवरी को सुबह छः बजे आयोजित होने वाले चयन ट्रायल में चयनित खिलाड़ी आगामी बयालीसवीं सीनियर नेशनल रोइंग चैम्पियनशिप–दो हजार पच्चीस में भाग लेंगे। चैम्पियनशिप तीन मार्च से सात मार्च तक मध्य प्रदेश के भोपाल में आयोजित होगी। इच्छुक उम्मीदवार अपने नाम छब्बीस जनवरी तक रामा राव, के पास पंजीकृत करा सकते हैं।

**<><><><><><><>**